Regarding issues pertaining to power supply in Sant Kabirnagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद (संत कबीर नगर) **:** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं । मैं आज सदन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की जनता की एक बेहद गंभीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

माननीय सभापति जी, समाजवादी सरकार में श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में बिजली के उत्पादन के लिए तीन संयंत्र लगे थे, जिससे 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हुआ था । आज तक वही उत्पादन है । जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से कोई संयंत्र नहीं लगा है ।

माननीय सभापति **:** आपकी मांग क्या है?

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **:** एक भी यूनिट का प्लांट नहीं लगाया है । बड़े शर्म की बात है । पूरे प्रदेश एवं मेरे लोक सभा क्षेत्र संत कबीर नंगर में किसान, व्यापारी, उपभोक्ता को बिजली विभाग के कर्मचारी, अधिकारी परेशान कर रहे हैं । मीटर चैकिंग, ओवर लोडिंग बता कर गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों से पैसा उगाही करते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** यह सब राज्य का विषय है ।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **:** पैसा न देने पर मुकदमा करते हैं । सर, मुझे एक मिनट दीजिए । उत्तर प्रदेश के गांव में ट्रांसफार्मर शो-पीस से कम नहीं है । अगर वह जल जाये तो उसे ठीक होने में हफ्तों लग जाते हैं । कोई अधिकारी सुन नहीं रहा है । वहां कम पावर के ट्रांसफार्मर्स हैं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे जी ।

माननीय सदस्य, आपकी बात आ गई है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** ठीक है, आप अपनी बात जल्दी खत्म कीजिए ।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **:** बिजली बिल महंगा करने में सरकार को महारत हासिल है । जनता को 20 दिन बिजली मिलती है और बिल 30 दिन का देना पड़ता है । मैं सरकार से चाहता हूं कि हर गांव में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए । बिजली बिल में हो रही बढ़ोतरी को रोका जाए । ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया तेज करनी चाहिए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप बात पूरी हो गई । आपकी बात बहुत आ गई है ।

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे जी ।